# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 18.07.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, हिन्दुस्तान, जागरूक एक्सप्रेस, न्यायाधीश,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### अमर उजाला–दि0 18.07.2025

**भीखाशाह गली में सील भवन में निर्माण होने पर केस**

**वाराणसी।** चौक वार्ड के भीखाशाह गली में सील भवन में निर्माण कार्य कराने मामले में मोहम्मद आजम के खिलाफ बृहस्पतिवार को चौक थाने में केस दर्ज किया गया। चौक इंस्पेक्टर विमल कुमार मिश्रा ने बताया कि वीडीए की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है। ब्यूरो

### अमर उजाला–दि0 18.07.2025




मुख्यमंत्री ने केंद्रीय कारागार के पास बने संगीत पाथवे का निरीक्षण किया। इस दौरान राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल मौजूद थे। सूचना विभाग

### हिन्दुस्तान–दि0 18.07.2025

**जातीय वैमनस्यता फैलाने वालों पर सख्ती करें: मुख्यमंत्री योगी**

**समीक्षा बैठक**



सेंट्रल जेल रोड पर सड़क किनारे संगीत पाथ वे का गुरुवार रात निरीक्षण करते सीएम योगी। इस दौरान राज्यमंत्री रवींद्र जायसवाल ने वहां रखा तबला भी बजाया।

वाराणसी, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को जातीय वैमनस्यता फैलाने वालों से सख्ती से निबटने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फेक अकाउंट बनाकर माहौल खराब करने वालों पर पैनी नजर रखें और उनसे सख्ती से निपटें।

सर्किट हाउस सभागार में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि अराजकता फैलाने वाले और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले अराजकतत्वों को चिह्नित कर कठोर कार्रवाई करें। उन्होंने लोकल इंटेलिजेंस और पुलिस बीट को और प्रभावी बनाने का निर्देश दिया। योगी ने कहा कि 'छांगुर' जैसे मामलों में कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

**वार्ता कर धर्मस्थलों को स्थानांतरित कराएं:** निर्माणाधीन सड़क परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान योगी ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण की जद में आने वाले धर्मस्थलों को स्थानीय लोगों से वार्ता के बाद आसपास उपयुक्त स्थल चिह्नित कर विधि-विधान के साथ स्थापित कराएं। दालमंडी में सड़क चौड़ीकरण कार्य बरसात के तत्काल बाद शुरू कराने का निर्देश दिया। साथ ही कार्यदायी संस्थाओं को समय पर कार्य पूरा करने की हिदायत भी दी। >संबंधित P02

## हिन्दस्तान–दि0 18.07.2025

### 'संगीत पाथवे' जैसा किया जाए सड़कों का सुंदरीकरण

वाराणसी। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय कारागार के पास बने संगीत पाथवे का भी स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि जनपद की अन्य प्रमुख सड़कों का भी विकास इसी गुणवत्ता और अवधारणा के अनुरूप किया जाए, जिससे शहर की पहचान और गरिमा को और सशक्त बनाया जा सके।

फुलवरिया तिराहा से सेंट्रल जेल शिवपुर की दीवार किनारे में लगभग डेढ़ किमी लम्बे और 15 फीट चौड़े इस संगीत पाथवे का लगभग 90 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुका है। पाथवे पर बनारस घराने के संगीत की धुनें लगातार बज रही हैं, जो आने-जाने वालों को अलग अनुभूति कराते रहेंगे। पाथवे पर बनारस घराने के बड़े संगीतज्ञों के चित्र बने हैं और उनके बारे में लिखा गया है।

## जागरूक एक्सप्रेस–दि0 18.07.2025

### छित्तूपुर में सील किया गया अवैध निर्माण

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण ने हाई फ्लड जोन एरिया ने चोरी छिपे चल रहे तीन मंजिला निमार्णाधीन बिल्डिंग को सील कर दिया है। लंका थाना क्षेत्र में नगवां वार्ड के छित्तुपुर,पंचायत भवन मार्ग पर रितेश पटेल लगभग 300 वर्गफिट के भूखण्ड क्षेत्रफल में जी+3 बिल्डिंग का निर्माण करा रहे थे। निर्माण शुरू होते ही वीडीए ने नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा के तहत नोटिस थमाया था। नोटिस के बाद भी रितेश चोरी-छिपे रात्रि में निर्माण कार्य करा रहे थे। सूचना पर प्रवर्तन दल और पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे जोनल अभियंता ने निर्माण कार्य रुकवाने के साथ निमार्णाधीन बिल्डिंग को सील करा दिया। सील बिल्डिंग को पुलिस की अभिरक्षा में दे दिया गया है। वाराणसी विकास प्राधिकरण ने 20 नवंबर 2024 को अस्सी घाट के समीप एक रेस्तरां को सील कर दिया था। यह इलाका भी हाई फ्लड जोन में आता है।

## जागरूक एक्सप्रेस–दि0 18.07.2025

### सीएम योगी ने देखा वीडीए द्वारा विकसित संगीत पथ

जिला संवाददाता

**वाराणसी।** गुरुवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित संगीत पथ का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने पथ की संरचना, सौंदर्यीकरण एवं सांस्कृतिक तत्वों के समावेशन की सराहना की। 'संगीत पथ' वाराणसी शहर के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है, जो पारंपरिक संगीत, स्थापत्य कला और आधुनिक तकनीक का समन्वय प्रस्तुत करता है। यह पथ न केवल स्थानीय नागरिकों बल्कि देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन रहा है।

निरीक्षण के उपरांत मुख्यमंत्री द्वारा निर्देशित किया गया कि वाराणसी की अन्य प्रमुख सड़कों का भी विकास इसी गुणवत्ता और



अवधारणा के अनुरूप किया जाए, जिससे सम्पूर्ण शहर की पहचान और गरिमा को और सशक्त बनाया जा सके।

## न्यायाधीश–दि0 18.07.2025

### अवैध निर्माण को वाविप्रा ने किया सील



वाराणसी ।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में जोन-04 में अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी।वार्ड-नगवां, के अंतर्गत रितेश पटेल द्वारा मौजा -छित्तुपुर,पंचायत भवन मार्ग, थाना-लंका में एच0एफ0एल0 क्षेत्रान्तर्गत लगभग 300 वर्गफिट के भूखण्ड क्षेत्रफल में जी+3 तल पर निर्माण किए जा रहे अवैध निर्माण को उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धारा के अन्तर्गत पूर्व में नोटिस की कार्यवाही की गयी थी । परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा स्थल पर चोरी-छिपे तथा रुक-रुक कर रात्रि में निर्माण कार्य किया जा रहा था । अतः 17 /07/2025 को स्थल को सील कर सम्बन्धित थाने अभिरक्षा में सौप दिया गया।मौके पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार एवं अवर अभियंता आदर्श निराला तथा प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे।उपाध्यक्ष महोदय द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।